दिन– शुक्रवार दिनांक– 02 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में आज से राष्ट्रपति भवन में दो दिवसीय राज्यपाल सम्मेलन की शुरूआत होगी।

02. सीबीआई ने नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में तेरह आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया।

03. राज्य के विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए नेट की तर्ज पर बिहार पात्रता परीक्षा–बेट का आयोजन किया जाएगा।

04. और, प्रदेश में मॉनूसन की सक्रियता के साथ ही अधिकांश स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, और अररिया समेत सात जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

---

राष्ट्रपति भवन में आज से दो दिवसीय राज्यपाल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसकी अध्यक्षता करेंगी। राष्ट्रपति की अध्यक्षता में राज्यपालों का पहला सम्मेलन हो रहा है। इसमें बिहार समेत सभी राज्यों के राज्यपाल शामिल होंगे। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई ने बिहार में नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में तेरह आरोपियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र दायर किया है। आरोप पत्र के अनुसार इस मामले में मुख्य आरोपी मनीष प्रकाश, सिकंदर यादवेंदु और ग्यारह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने प्रश्नपत्र लीक मामले में संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया था। यह मामला इस वर्ष पांच मई को पटना के शास्त्री नगर पुलिस थाने में दर्ज किया गया था और तेईस जून को इसे सीबीआई को सौंप दिया गया। जांच एजेंसी ने सबूत इकट्ठा करने के लिए उन्नत फोरेंसिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सीसीटीवी फुटेज, टॉवर स्थल

विश्लेषण और अन्य साधनों का उपयोग किया। इस मामले में आगे जांच जारी है। कई अन्य आरोपी पहले से ही पुलिस और न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने इस मामले में अब तक अंठावन स्थानों पर तलाशी ली है और बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार पंद्रह सहित चालीस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला था कि नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र परीक्षा तिथि से एक दिन पहले झारखंड के हज़ारीबाग़ केंद्र से लीक हुए थे।

---

इधर, नीट– यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सर्वोच्च अदालत आज अपना फैसला सुनायेगा। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने बीते तेईस जुलाई को नीट–यूजी परीक्षा को दोबारा आयोजित कराने से इंकार कर दिया था। अदालत ने स्पष्ट किया था कि इस संबंध में विस्तृत आदेश बाद में आयेगा।

---

राज्य के विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा– नेट की तर्ज पर बिहार पात्रता परीक्षा–बेट का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। शिक्षा मंत्री ने इस नई व्यवस्था को लागू करने के लिए उच्च शिक्षा निदेशक को बेट का सिलेबस तैयार करने के निर्देश दिये हैं। मंत्री ने कहा कि इस सिलेबस को यूजीसी से स्वीकृति लेकर लागू किया जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन परीक्षा लेने की व्यवस्था लागू करने के संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिये।

---

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने घोषणा की है कि सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश के बाद स्नातक और स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह जाने की स्थिति में केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्वयं अपनी प्रवेश परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। आयोग ने ऐसे विश्वविद्यालयों को योग्यता परीक्षा के अंकों के आधार पर ही प्रवेश देने की अनुमति दी है। यूजीसी ने कहा है कि पूरे शिक्षा सत्र के लिए सीट खाली रखना न सिर्फ संसाधनों की बर्बादी है बल्कि अनेक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से वंचित करना भी है।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में कोटा के भीतर कोटा प्रदान करने की मंजूरी दे दी है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व में सात न्यायाधीशों की एक पीठ ने राज्यों के विधानमंडल द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के भीतर उप–वर्गीकरण की अनुमति देने संबंधी फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने दो हजार चार के ईवी चिन्नैया के फैसले को छह के मुकाबले एक फैसले से खारिज कर दिया। ई वी चिन्नैया ने अपने फैसले में कहा था कि अनुसूचित जाति के आरक्षण का उप–वर्गीकरण भर्तियों और सरकारी नौकरियों में स्वीकार्य नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि अनुसूचित जनजाति सवर्ण नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इसका उप–वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद–चौदह का उल्लंघन नहीं है।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने केन्द्र सरकार से धान रोपने के कार्य को मनरेगा में शामिल करने की मांग की है। नई दिल्ली में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात के दौरान उन्होंने खरीफ के साथ रबी फसल के कार्यों को भी मनरेगा के श्रेणी में शामिल करने का आग्रह किया। श्री कुमार ने पंचायत सरकार भवन, आंगनबाड़ी केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र समेत कई योजनाओं को मनरेगा के तहत कराने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

---

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की कार्रवाई के बाद राज्य सरकार ने ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस को पद से हटा दिया है। उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान देने का आदेश दिया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संदीप पौंड्रिक को ऊर्जा विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। श्री पौंड्रिक को ऊर्जा विभाग के साथ–साथ बिजली कम्पनियों के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। गौरतलब है कि संजीव हंस के खिलाफ ईडी जांच कर रही है। उनपर यौन शोषण और आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का आरोप है।

---

प्रदेश में मॉनूसन की सक्रियता के साथ ही अधिकांश स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज सात जिलों किशनगंज, सुपौल, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर, मधेपुरा और अररिया में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

वहीं, दक्षिण और उत्तर–पूर्वी इलाकों के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले पांच दिनों तक राज्य में मॉनसून सक्रिय रहेगा।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। बक्सर में सबसे अधिक एक सौ नब्बे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। नालंदा जिले के करायपरसुराय में एक सौ सोलह दशमलव चार और किशनगंज के हायाघाट में एक सौ दो मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है।

इस बीच, मौसम विभाग ने इस माह पच्चीस जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। वहीं, इस अवधि में पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, लखीसराय, जमुई और खगड़िया समेत तेरह जिलों में सामान्य से कम बारिश के आसार हैं। विभाग के अनुसार इस दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्स से अधिक बना रहेगा। गौरतलब है कि प्रदेश में जुलाई माह मे सामान्य से उनतीस प्रतिशत कम बारिश हुयी है।

---

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में पंद्रह लोगों की जान चली गई। इनमें गया में सबसे अधिक पांच, पटना में तीन, नालंदा और रोहतास में दो–दो, तथा नवादा, सासाराम और औरंगाबाद में एक–एक व्यक्ति की मौत हुयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन घटनाओं पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने बारिश और खराब मौसम के दौरान लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

---

और, अब पेरिस ओलम्पिक से जुड़ी खबरें।

———बाईट———

---

यू.पी.आई. आधारित लेनदेन इस वर्ष जुलाई में बढ़कर बीस लाख चौंसठ हजार करोड रुपये तक पहुंच गया। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने कल इस बारे में आंकडे जारी किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष–दर–वर्ष के आधार पर यू.पी.आई. लेनदेन में पैंतीस प्रतिशत की बढोतरी हुई है। जुलाई में कुल यू.पी.आई. लेनदेन चार प्रतिशत बढ़कर चौदह अरब चौवालीस करोड़ रुपये का हुआ। औसत दैनिक लेनदेन छियालीस करोड़ साठ लाख रुपये का रहा।

---

सुपौल जिले के पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय महिचंदा में विषाक्त भोजन खाने से छह से अधिक बच्चे बीमार हो गये। सभी बच्चों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी बच्चे अब स्वस्थ्य हैं।

---

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किये गये एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुद्ध वाटिका पार्क में पौधा रोपण किया।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अनुसूचित जाति–जनजाति के आरक्षण के मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को अपनी सुर्खी बनाया है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगाया है – आरक्षण के अंदर कोटे को मंजूरी।

**दैनिक जागरण** ने पेरिस ओलंपित में भारत के उपलब्धियों को तरजीह देते हुए शीर्षक लगाया है – निशानेबाजों की 'स्वप्निल उड़ान'।

**दैनिक भास्कर** ने बीपीएससी परीक्षा से जुड़ी खबर का शीर्षक बनाया है – बीपीएससी में नकल करते पकड़े गये तो देश की किसी परीक्षा में नहीं बैठ सकेंगे।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– बीस हजार सिपाही और दो हजार दारोगा इस साल होंगे बहाल।

**आज** अखबार का शीर्षक है – जयपुर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन बिहारी की मौत।

**राष्ट्रीय सहारा** ने ईडी की कार्रवाई पर लिखा है – ऊर्जा विभाग से पदमुक्त किये गये संजीव हंस।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में आज से राष्ट्रपति भवन में दो दिवसीय राज्यपाल सम्मेलन की शुरूआत होगी।

02. सीबीआई ने नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में तेरह आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया।

03. राज्य के विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए नेट की तर्ज पर बिहार पात्रता परीक्षा–बेट का आयोजन किया जाएगा।

04. और, प्रदेश में मॉनूसन की सक्रियता के साथ ही अधिकांश स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, और अररिया समेत सात जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।